


# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 08.01.2024 से 11.01.2024)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## किसान हितैषी फेसला

(दिनांक 08.01.2024)



प्रभाव : माननीय **मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश में बढ़ती ठंड के कारण किसानों द्वारा अपने खेतों में पानी देने में आ रही परेशानी को दूर करते हुए एक बड़ा फैसला लिया है।** ट्यूबवेलों पर दी जाने वाली बिजली सप्लाई के समय में परिवर्तन किया है। अब किसानों को **दिन के समय में 2 शिफ्टों में बिजली मिलेगी, जिससे किसान रात को बजाय अब दिन के समय में अपने खेतों में पानी दे सकेंगे।** उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि **किसानों को सुबह 5 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक बिजली आपूर्ति दी जाए।** सरकार के इस निर्णय से किसानों को बहुत बड़ा लाभ होगा।

उन्होंने कहा कि ऊर्जा विभाग ने कुल 19 सर्कलों के दो ग्रुप बनाए हैं। इनमें से 7 सर्कल नामतः करनाल, कैथल, सिरसा, फतेहाबाद, भिवानी, सोनीपत और जींद में बिजली प्रातःकाल 5 बजे से दोपहर 1 बजे तक मिलेगी। शेष सभी सर्कलों में प्रातः 10 बजे से लेकर सायं 6 बजे बिजली मिलेगी।

इस निर्णय से किसानों की कठिनाई कम होगी और वे दिन के समय में अपने खेतों को सिंचित कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि बिजली आपूर्ति का यह शेडयूल, **जो आज शुरू किया गया है, 31 जनवरी तक जारी रहेगा। 31 जनवरी के बाद इसकी पुनः समीक्षा की जाएगी और यदि आवश्यकता हुई तो इसे आगे भी बढ़ाया जाएगा।**

# साप्ताहिक सूचना पत्र


## सीएम विंडो पर आई शिकायत पर बड़ी कार्रवाई

(दिनांक 09.01.2024)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने सीएम विंडो पर दर्ज प्लॉट के अलॉटमेंट लेटर समय पर जारी न करने की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए शहरी स्थानीय निकाय, भिवानी के कार्यकारी अधिकारी अभय सिंह को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

माननीय **मुख्यमंत्री जी के ओएसडी और मुख्यालय पर सीएम विंडो की निगरानी कर रहे श्री भूपेश्वर दयाल जी ने कहा कि सरकार द्वारा जनता को सभी योजनाओं व सुविधाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से प्रदान करने के लिए अथक प्रयास किए जा रहे हैं।** लेकिन कार्य में देरी करने को लेकर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों पर लगातार सख्ती बरती जा रही है।

अशोक कॉलोनी, भिवानी के निवासी श्री शंकर द्वारा सीएम विण्डो पोर्टल पर एक शिकायत दर्ज करवाई गई थी, जिसमें




बताया गया कि वर्ष 1985 में बोली के तहत उसने नगर परिषद्, भिवानी से एक प्लॉट खरीदा था। उसने प्लॉट के मूल्य की एक चौथाई राशि तथा सिक्योरिटी का पैसा जमा करवा दिया था। लेकिन नगर परिषद् द्वारा उसे आज तक प्लॉट का ऑलाटमेन्ट लेटर जारी नहीं किया गया। इसलिए माननीय मुख्यमंत्री जी ने इस मामले में की गई देरी के लिए जिम्मेवार शहरी स्थानीय निकाय, भिवानी के कार्यकारी अधिकारी अभय सिंह को निलंबित कर दिया।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## डॉ बाबासाहेब भीमराव रामजी आम्बेडकर जीवन और चिंतन पुस्तक का विमोचन

(दिनांक 09.01.2024)

प्रभाव : माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज यहां **अपने निवास संत कबीर कुटीर पर डॉ कृष्ण गोपाल जी द्वारा लिखित एवं हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी द्वारा प्रकाशित पुस्तक डॉ बाबासाहेब भीमराव रामजी आम्बेडकर जीवन और चिंतन का विमोचन करने उपरांत उपस्थित साहित्यकारों को संबोधित कर कहा कि संत–महापुरुषों की सोच प्राचीनकाल से ही सामाजिक समरसता व एकात्ममानववाद की रही** है। ऐसे संत–महापुरुषों को किसी एक वर्ग से जोड़ कर नहीं देखा जाना चाहिए। प्रदेश सरकार ने इसी को ध्यान में रखते हुए संत–महापुरुष सम्मान एवं



# साप्ताहिक सूचना पत्र



विचार प्रचार प्रसार योजना चलाई है और महापुरुषों की जयंतियां एवं स्मृति दिवसों को सरकारी स्तर पर मनाने की पहल की है, ताकि युवा पीढ़ी को संत महापुरुषों की जीवनी से समाज कल्याण की प्रेरणा मिले।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि डॉ **बाबासाहेब जी ने जिस सोच व विचार से देश का संविधान लिखने में उल्लेखनीय योगदान दिया और उस संविधान के कारण ही आज देश में शोषित, वंचित और जरूरतमंद नागरिकों को अपने अधिकार मिल रहे हैं।** उन्होंने कहा कि डॉ आम्बेडकर के विचार समाज के किसी एक वर्ग के लिए नहीं, बल्कि वे तो एक सामाजिक समरसता की एक कड़ी थे।

उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने पिछड़े, पीड़ित, अभाव ग्रस्त व्यक्ति को समाज की मुख्यधारा में कैसे लाया जा सके, इस पर जोर दिया। इसी प्रकार, पंडित दीन दयाल उपाध्याय ने भी अंत्योदय दर्शन समाज के सामने रखा, जिसका अर्थ है कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े अंतिम व्यक्ति का उद् य या उत्थान करना है।

# राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2023 के तहत अर्जुन अवार्डी खिलाड़ियों से मुलाकात

(दिनांक 09.01.2024)



**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2023 के तहत अर्जुन अवार्ड से सम्मानित सुनील कुमार (कुश्ती), अंतिम पंघाल (कुश्ती) व दीक्षा डागर (गोल्फ) को बधाई दी। माननीय मुख्यमंत्री जी ने इन खिलाड़ियों से सुझाव मांगे कि किस प्रकार से हरियाणा में खेलों को और बढ़ावा दिया जा सकता है। इस पर खिलाड़ियों ने हरियाणा की खेल नीति की प्रशंसा करते हुए कहा कि खेल नीति से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा है और युवा वर्ग व बच्चे इस खेल नीति से प्रभावित होकर खेलों की ओर आकर्षित हुए हैं।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने खिलाड़ियों से विचार सांझा करते हुए कहा कि देश में मेडल विजेताओं को सबसे अधिक कैश अवार्ड हरियाणा में दिए जा रहे है। खिलाड़ी प्रदेश में खेलों की बेहतरी के लिए जो भी अच्छे सुझाव देंगे, उन्हें सरकार लागू करेगी। उन्होंने कहा कि हालांकि आबादी के हिसाब से हरियाणा छोटा राज्य है, इसके बावजूद ओलम्पिक से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक हरियाणा सबसे अधिक पदक हासिल करने वाला प्रदेश है। खिलाड़ियों से चर्चा के दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी ने बताया कि जिला खेल अधिकारियों के माध्यम से गांवों में खेल के सामान की आवश्यकता के बारे में जानकारी मांगी गई है। वहां से डिमांड आने के बाद ग्राम पंचायतों के माध्यम से खेलों का सामान उपलब्ध करवा दिया जाएगा।



# मीडिया प्रतिनिधियों से वार्ता

(दिनांक 10.01.2024)



**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने माननीय राष्ट्रपति जी से मुलाकात के बाद मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत करते हुए बताया कि **सूरजकुण्ड मेले का उद्‌घाटन करने के उनके निमंत्रण को माननीय राष्ट्रपति जी ने स्वीकार कर लिया है। वे 2 फरवरी को इस मेले का विधिवत उद्‌घाटन करेंगी।** उन्होंने कहा कि माननीय राष्ट्रपति जी के आगमन से प्रदेश सरकार के प्रयासों को और अधिक हौसला मिलेगा। उन्होंने बताया की **गुजरात के गांधीनगर में आयोजित होने वाले वाईब्रेंट गुजरात कार्यक्रम में शिरकत करेंगें। गुजरात में हर दो वर्ष में वाईब्रेंट गुजरात ग्लोबल सम्मिट कार्यक्रम होता है।** यह कार्यक्रम माननीय प्रधानमंत्री जी ने

# साप्ताहिक सूचना पत्र

गुजरात के माननीय मुख्यमंत्री रहते हुए शुरू किया था। इसमें देश–विदेश के निवेशक भाग लेते हैं और अलग–अलग क्षेत्र के लोग वहां चर्चा के लिए पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि उनके वहां पर कई कार्यक्रम रखे गए हैं। इस कार्यक्रम में **अफ्रीकन देशों से हरियाणा का कैसे जुड़ाव हो सकता है और वहां के लोग यहां क्या योगदान दे सकते हैं, शिक्षा, टेक्नोलॉजी आदि विषयों पर चर्चा होगी और हम अफ्रीकन देशों में कृषि क्षेत्र में किस प्रकार से मददगार हो सकते हैं।**

मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि सदियों से देशवासियों को इस दिन का इंतजार था कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो और अब वह घड़ी आ गई है, जब मंदिर पूर्णतया बनकर तैयार है। इस **मंदिर में 22 जनवरी को रामलला की प्राण–प्रतिष्ठा होने जा रही है। इस भव्य मंदिर के उद्घाटन अवसर पर स्वयं माननीय प्रधानमंत्री जी उपस्थित होंगे।** उन्होंने इस मौके पर सभी को इस दिन की शुभकामनाएं दी।



माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा से 9 फरवरी को अयोध्या के लिए विशेष ट्रेन चलाई जाएगी। **कुछ लोगों को मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत फ्री ले जाया जाएगा और इस योजना के दायरे में नहीं आने वाले लोग, जिनकी आय निर्धारित सीमा से अधिक है, वे किराया भरकर जा सकेंगें।**

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## फरीदाबाद जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक

(दिनांक 10.01.2024)




प्रभाव : माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज **फरीदाबाद के एचएसवीपी कन्वेंशन सेंटर में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर 16 परिवाद में से 13 परिवादों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया।** वर्ष 2020 में नगर निगम में शामिल किए गए 24 गांवों के ट्यूबवैल आपरेटरों को नगर निगम के माध्यम से वेतन न देने के एक मामले की सुनवाई के दौरान नगर निगम फरीदाबाद की लापरवाही सामने आई। इस पर नगर निगम के एक कर्मचारी को सस्पेंड कर दिया गया वहीं माननीय मुख्यमंत्री जी ने उस कर्मचारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के

# साप्ताहिक सूचना पत्र

भी आदेश दिए। इसके साथ ही पूरे मामले की जांच के भी आदेश दिए गए।

इसके साथ ही **जिला के गांवों हीरापुर, नहरावली व अन्य एक दर्जन गांवों में पिछले 60 वर्षों से बनी हुई नहर में पानी न पहुंचने की समस्या का समाधान भी बैठक में रखा गया।** इस पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि नहर में अब एक लाख तीन हजार क्यूसिक पानी चल रहा है और इसके लिए सभी ग्रामीणों को बधाई देता हूं। इसी प्रकार झाड़सेतली गांव में प्रदूषण के संबंध में आई एक शिकायत पर संज्ञान लेते हुए **उन्होंने एसडीएम के नेतृत्व में कमेटी गठित की जो उद्योगों के गंदे पानी की समस्या का समाधान कर उसे पौधों के लिए उपयोग करना सुनिश्चित करेंगे।**

इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने पत्रकारों से बातचीत भी की और कहा कि जल्द ही यमुनानगर में 800 मैगावाट का सौर ऊर्जा पावर प्लांट लगाया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि एक लाख युवाओं को वैध तरीके से विदेश भेजने के लिए प्रक्रिया की जा रही है।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल–2024 में उद्यमियों को हरियाणा में निवेश करने के लिए आमंत्रित करना

(दिनांक 11.01.2024 )




**प्रभाव :** माननीय मुख्यमत्री जी ने गुजरात के गांधीनगर में चल रहे **10वें वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 के दौरान इंडो–अफ्रीकन चौंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री सेमिनार में बोलते हुए कहा कि हरियाणा संभावनाओं, क्षमताओं और समृद्धि की भूमि है तथा उद्यमियों को राज्य में निवेश पर विचार करने का निमंत्रण दिया।** हरियाणा के लोगों की ओर से दुनियाभर के उद्यमियों का स्वागत करते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि राज्य अपनी रणनीतिक नीतियों और राष्ट्रीय राजधानी से निकटता के कारण वैश्विक निवेश को आकर्षित कर रहा है। **सेमिनार के दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी ने सामाजिक–आर्थिक विकास को**



**बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक नए संघ, 'हरियाणा–अफ्रीका टाईज़' की स्थापना का प्रस्ताव रखा।**

माननीय मुख्यमंत्री जी ने जापान और अमेरिका की लगभग 10 बड़ी कंपनियों के प्रतिनिधियों से वन–टू–वन बातचीत की और उन्हें हरियाणा में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया। **कंपनियों ने भी हरियाणा में निवेश करने के लिए गहरी रुचि दिखाई।** इस मौके पर जापानी प्रतिनिधिमंडल से बैठक के दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी ने जापानी भाषा में कंपनी के प्रतिनिधियों का स्वागत किया, जिससे वे बहुत ही खुश व उत्साहित नजर आए। **बैठक के दौरान क्लीन–ग्रीन एनर्जी की दिशा में बढ़ते हुए जापान और हरियाणा सरकार के बीच हाइड्रोजन पॉलिसी बनाने पर सहमति बनी।**

समिट के दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी ने **माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के अध्यक्ष व उनके प्रतिनिधिमंडल के साथ भी बैठक की।** इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट कंपनी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में

# साप्ताहिक सूचना पत्र



हरियाणा सरकार के साथ मिलकर काम करेगी। **बैठक के दौरान प्रतिनिधियों ने कहा कि जापानी कंपनियों के लिए हरियाणा एक मदर स्टेट रहा है।** वर्ष 1980 में पहली बार मारुति सुजुकी ने गुरुग्राम में अपनी पहली इकाई स्थापित की थी।

**माननीय मुख्यमंत्री जी ने राज्य सरकार के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जापानी कंपनियों की सुविधा के लिए एक ज्वाइंट कोलेबोरेशन सेल स्थापित किया जाए, जो जापानी कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ लगातार बात करेगा ताकि प्लग एंड प्ले मॉडल को तेजी से शुरू किया जा सके।**

बैठक में गुरुग्राम में जापानी स्कूल खोलने पर भी चर्चा की गई। यह पहला अवसर है जब जापानी कंपनियों के साथ–साथ जापान सरकार की ओर से भी अधिकारी इस समिट में आए हैं। इसी कड़ी में माननीय मुख्यमंत्री जी ने यूएस–इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) के साथ राउंड–टेबल कॉन्फ्रेंस की और अप्रवासी भारतीयों को हरियाणा में पूरा सहयोग



देने का आश्वासन देते हुए कहा कि हमारे यहां निवेश की अपार संभावनाएं हैं, यहां उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं का लाभ उठाएं और राज्य में निवेश करें। उन्होंने कहा कि **ईज ऑफ डुइंग बिजनेस के मामले में हरियाणा देश के अग्रणी राज्यों में हैं।** हमने उद्योगों पर पड़ने वाले कम्पलाइंस बर्डन को भी खत्म किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने **हरियाणा उद्यम एवं रोजगार नीति–2020 बनाई है, जिसके तहत निवेशकों को विभिन्न प्रकार के प्रोत्साहन दिए जाते हैं।** पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति का उत्थान ही वर्तमान सरकार का मुख्य ध्येय है। डिजिटल युग में सामाजिक सुरक्षा लाभों की पोर्टेबिलिटी कुशल और रोजगार योग्य श्रमिकों की गतिशीलता सुनिश्चित करेगी। नागरिकों के लिए योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए हरियाणा में पीपीपी आईडी बनाई है जिससे आज प्रदेश के लोगों को घर बैठे सरकारी योजनाओं का लाभ सुलभ हुआ है। उन्होंने कहा कि व्यवसाय या आर्थिक पहलुओं के साथ–साथ मानवीय तत्व पर भी विचार करना है।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## राज्य स्तरीय विवेकानन्द युवा महासम्मेलन

(दिनांक 12.01.2024)

प्रभाव : माननीय मुख्यमंत्री जी ने **कुरूक्षेत्र में स्वामी विवेकानन्द की जयंती के अवसर पर राज्य स्तरीय विवेकानन्द युवा महासम्मेलन में मिशन 60000 की घोषणा करते हुए कहा कि आगामी समय में 1.80 लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाले परिवारों के 60,000 युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किये जायेंगे।** इसके अलावा, 60,000 ग्रुप सी और डी पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया आगामी कुछ माह में पूरी होगी। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि **'मिशन 60,000' के तहत, प्रदेश सरकार 1.80 लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाले परिवारों के 7,500 युवाओं को 'वन मित्र' बनाएगी।** इसके अलावा, एचकेआरएन के माध्यम से 15,000 संविदा कर्मचारियों की भर्ती की जाएगी, औद्योगिक प्रतिष्ठानों के लिए 10,000 युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, **सीएससी के लिए**



# साप्ताहिक सूचना पत्र



**7,500 'ई–सेवा मित्र' नियुक्त किए जाएंगे और विदेशी सहयोग विभाग के माध्यम से 5,000 ऐसे युवाओं को विदेश में रोजगार की सुविधा प्रदान की जाएगी।** उन्होंने सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा/डिग्री वाले 15,000 युवाओं को प्रशिक्षित करने और उन्हें ठेकेदार बनने के लिए सशक्त बनाने की भी घोषणा की। सरकार इन व्यक्तियों को बिना किसी संपार्श्विक की आवश्यकता के एक वर्ष के लिए 3 लाख रुपये का ऋण देगी। इस कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षित युवाओं को 25 लाख रुपये तक के कार्यों के लिए कोई गारंटी नहीं देनी होगी। बल्कि यह गारंटी सरकार देगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य ऐसे गरीब परिवारों की वार्षिक आय को बढ़ाना है, जिससे वे गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) सीमा को पार करने में सक्षम हो सकें।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

माननीय मुख्यमंत्री जी ने स्वामी विवेकानन्द को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि अभी ग्रुप सी और डी के सीईटी परीक्षा परिणाम प्रोसेस में हैं। **ग्रुप डी के लिए, लगभग 3.25 लाख उम्मीदवारों ने सीईटी परीक्षा में भाग लिया और परिणाम आज शाम तक घोषित होने की उम्मीद है।**

हम ऐसी नौकरियों के पत्र अगले 15 दिनों के भीतर 13,500 उम्मीदवारों को दे देंगे। **इसके अलावा, ग्रुप सी के लिए भर्ती प्रक्रिया सक्रिय रूप से चल रही है। हमारा लक्ष्य अगले कुछ माह के भीतर ग्रुप सी और डी दोनों के लिए लगभग 60,000 नौकरियां प्रदान करना है।** इसके साथ ही वर्तमान सरकार ने अब तक 1.70 लाख सरकारी नौकरियाँ देकर कीर्तिमान स्थापित किया है।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द का जीवन सभी के लिए प्रेरणादायी है। **1893 में, उन्होंने शिकागो में विश्व धर्म परिषद् में भारत के प्रतिनिधि के रूप में देश का दृष्टिकोण प्रस्तुत किया जहाँ हमारे देश को उनके महान आधयात्मिक प्रतिनिधित्व के लिए विश्व मंच पर सम्मान और मान्यता मिली।**



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## 4 जिलों में 115.11 करोड़ की लागत से 68 ओडीआर सड़कों के सुधार को मंजूरी

(दिनांक 12.01.2024)



**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने निर्बाध परिवहन सुविधाएं और बेहतर कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए बुनियादी सड़क ढांचा में बदलाव हेतू कई सड़क परियोजनाओं की प्रशासनिक मंजूरी दी है। **करनाल, कैथल, हिसार और करनाल सहित 4 जिलों की इन परियोजनाओं पर 115.11 करोड रुपये की लागत 68 अन्य जिला सड़कोंका सुधार शामिल है ।**

ग्रामीण क्षेत्रों से तहसील मुख्यालयों, ब्लॉक विकास मुख्यालयों, रेलवे स्टेशनों बाजार केंद्रों तक उत्पादन और सेवा बढाने वाली इन सड़कों को अन्य जिला सड़कें (ओडीआर) के रूप में जाना जाता है।

इन सड़क परियोजनाओं की शुरूआत हरियाणा सरकार के बुनियादी ढांचे के विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है और निस्संदेह राज्य भर में सड़क नेटवर्क और कनेक्टिविटी में सुधार करके जनता को पर्याप्त लाभ पहुंचाएगी। इन परियोजनाओं में मुख्यतः **हिसार के आदमपुर की 19 सड़कों की मरम्मत एवं सुधार, भिवानी जिले में 3 सड़कों की मरम्मत एवं सुधार, करनाल जिले में एक सड़क व इन्द्री 14 सड़कों की विशेष मरम्मत एवं सुधारए करनाल के नीलोखेड़ी में 19 सड़कों की विशेष मरम्मत एवं सुधार व कलायत, कैथल में 12 (ओडीआर) सड़कों की विशेष मरम्मत एवं सुधार आदि सम्मलित हैं ।**

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## गांव जरीफाबाद में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन

(दिनांक 13.01.2024)

प्रभाव : माननीय मुख्यमंत्री जी अपने निर्वाचन विधानसभा क्षेत्र के गांव **जरीफाबाद में जन संवाद के दौरान लोहड़ी पर्व के मौके पर स्कूली बच्चों को सरकारी बस का तोहफा दिया।** अब इन **बच्चों को अपने गांव जरीफाबाद से मंजूरा स्कूल तक पैदल नहीं जाना पड़ेगा। यह सेवा स्कूली बच्चों की छुट्टियां समाप्त होने के तुरंत बाद 16 जनवरी से शुरू हो जाएगी।**

जन संवाद कार्यक्रम में गांव की महिला सरपंच संतोष देवी द्वारा गांव में ड्रेन का नवीनीकरण, शमशान घाट का पक्का रास्ता, गांव में पंचायती जमीन से इंद्रपैलेस तक खेत के रास्ते को पक्का करना, पुस्तकालय का नवीनीकरण तथा विभिन्न समुदायों की चौपाल के नवीनीकरण करवाने की मांग माननीय मुख्यमंत्री जी के समक्ष रखी गई। उन्होंने ग्राम पंचायत द्वारा रखी गई लगभग सभी मांगों को पूरा करने की घोषणा की। इसी प्रकार से **गांव में गरीब लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान बनवाने की मांग सरपंच द्वारा रखी गई।**

इस मांग को भी स्वीकार करते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा मुख्यमंत्री आवास योजना बनाई जा रही है जिसके तहत प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित लोगों को हरियाणा सरकार पक्के मकान उपलब्ध करवाएगी। **गांव के 6 लोगों के उनकी पेंशन लागू करने के निर्देश दिए।** जिला समाज कल्याण अधिकारी ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत प्रभाव से पेंशन लागू कर दी और उनको माननीय मुख्यमंत्री जी के कर कमलों से पेंशन लागू होने के प्रमाण पत्र भी वितरित करवाए।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## करनाल के वार्ड 1 की बसंत विहार कॉलोनी में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन

(दिनांक 13.01.2024)

प्रभाव : माननीय मुख्यमंत्री जी **करनाल के वार्ड 1 की बसंत विहार कॉलोनी में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर कहा है कि प्रदेश में आने वाले दिनों में विकास के एक लाख कार्य और होने वाले हैं।** इन्हें जब पोर्टल पर डालते हैं तो कार्य करने के लिये ठेकेदार नहीं मिलते। काम ज्यादा हो गये, ठेकेदार कम हैं। यूनिवर्सिटी से बात करके सिविल इंजीनियरिंग पास करने वाले 15 हजार युवाओं को ट्रेनिंग देकर अच्छे ठेकेदार तैयार किये जायेंगे। इससे विकास कार्यों में तेजी आएगी। **इस मौके पर उन्होंने लोगों को लोहड़ी और मकर सक्रांति के साथ–साथ 22 जनवरी को अयोध्या में किये जाने वाले राम मंदिर उद्घाटन की शुभकामनायें दी।** साथ ही बताया कि



# साप्ताहिक सूचना पत्र



26 जनवरी को करनाल पुलिस लाईन में आयोजित किये जाने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में भी वे खुद शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि **वार्ड एक में 116 करोड़ और करनाल शहर के विभिन्न वार्डों में 2 हजार करोड़ से अधिक के विकास कार्य कराये जा चुके हैं।** माननीय मुख्यमंत्री जी के अनुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से दी जा रही सेवाओं के मामले में हरियाणा देश में नंबर एक पर है। यात्रा के दौरान पात्र लोगों के बीपीएल कार्ड, पैंशन, गैस कनेक्शन, आयुष्मान कार्ड आदि मौके पर ही बनाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि **हरियाणा में गरीबी की आय सीमा को 1.20 लाख रुपये से बढ़ाकर 1.80 लाख रुपये सालाना किया जा चुका है। आय सीमा बढ़ाने से प्रदेश में बीपीएल परिवारों की संख्या 29 लाख से बढकर 44 लाख हो गई है। उन्होंने कहा कि आगामी 6 महीनों में प्रदेश में 60 हजार युवाओं को नौकरियां दी जायेंगी।** विदेश जाने के इच्छुक 15 हजार युवाओं को रोहतक में कार्य में दक्ष (स्किलिंग) किया जा रहा है। इन्हें पासपोर्ट और वीजा की सुविधा उपलब्ध

कराई जायेगी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत लोगों को 50 हजार से 2 लाख रुपये का ऋण दिलाया जा रहा है। **गांवों में महिलाओं के स्वयं सहायता समूह गठित किये गये हैं जो सिलाई, कढ़ाई, बुनाई जैसे छोटे कार्य करके 10 से 15 हजार रुपये महीना कमा रही हैं।** माननीय मुख्यमंत्री जी ने उचानी के पास फुटओवर ब्रिज बनाने, वार्ड के तहत आने वाले पांच गांवों को लाल डोरा मुक्त करने, गलियों में स्टार्म वाटर के लिये पाइप लाईन बिछाने और बलड़ी गांव में दो एकड़ में सामुदायिक केंद्र और अगले शैक्षणिक सत्र से पूर्व स्कूल के भवन को नया बनाने की मांग को पूरा करने का ऐलान किया।

**उन्होंने बताया कि जनसंवाद कार्यक्रमों के माध्यम से प्राप्त 60 हजार शिकायतें पोर्टल पर दर्ज की जा चुकी हैं। इनमें से दस हजार का निपटारा किया जा चुका है और 25 हजार पाईप लाईन में हैं।**



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## करनाल में लोहड़ी कार्यक्रम का आयोजन

(दिनांक 13.01.2024)

प्रभाव : माननीय मुख्यमंत्री जी शनिवार को **करनाल के सैक्टर 13 स्थित कम्यूनिटी सेंटर में आयोजित लोहड़ी कार्यक्रम में हर्षोल्लास के साथ आमजन के बीच लोहड़ी का पावन त्योहार मनाया।** उन्होंने बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों को लोहड़ी की हार्दिक बधाई दी। **प्रदेशवासियों को 14 जनवरी को मनाए जाने वाले मकर सक्रांति पर्व की भी हार्दिक शुभकामनाएं दी।** इस दौरान उन्होंने करनाल के मुगल कैनाल का नाम बदलकर कर्ण कैनाल करने का प्रस्ताव भी रखा। इस अवसर पर बोलते हुए **माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यह उनके लिए बड़े हर्ष का विषय है कि लोहड़ी के दिन वे करनाल शहर में मौजूद हैं और लोगों के बीच इस पावन पर्व को मना रहे हैं।** यह हमारी भारतीय संस्कृति की विशेषता है कि



# साप्ताहिक सूचना पत्र

यहां अलग–अलग त्योहार मनाए जाते हैं। इस पावन त्योहार पर वह भगवान से प्रार्थना करते हैं कि सभी के जीवन में सुख–समृद्धि आए। इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री व अन्य अतिथियों ने अग्नि को तिल, गुड़ व मुंगफली अर्पित की।

इस के उपरान्त माननीय मुख्यमंत्री जी ने शनिवार रात्रि अचानक से करनाल रेलवे स्टेशन के बाहर का दौरा किया। यहां ठंड में बैठे बेसहारा लोगों को देख उन्होंने तत्काल इन्हें रैन बसेरा में शिफ्ट करने का निर्देश दिया और इसके लिए अपनी खुद की सिक्योरिटी में लगी गाड़ी के माध्यम से रैन बसेरा तक पहुंचाया। वहीं जिला उपायुक्त को निर्देश दिए कि इन लोगों के रहने और खाने पीने की व्यवस्था रैन बसेरा में की जाए। उन्होंने कहा कि **आज लोहड़ी का त्योहार है ऐसे में इन्हें मुंगफली व अन्य खाद्य सामग्री देने के निर्देश दिए हैं। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इन लोगों की खाने की व्यवस्था करने के लिए अढ़ाई लाख रुपये देने की भी घोषणा की है।**

दिन में ये लोग अपने–अपने काम पर जाएंगे और रात्रि के समय रैन बसेरा में रहेंगे। उन्होंने कहा कि मानवता के नाते जरुरतमंद लोगों की मदद करना हमारा फर्ज बनता है, इसके लिए हमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में आगे आना चाहिए।

